अत अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री उलापेलक्ष्मणराव सखाराम को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है।

[सं० महा०वि०स०/285/80(162)]

New Delhi, the 12th August, 1981

O.N. 1174.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Ulape Laxmanrao Sakharam, Ulapemala, Sugar Mill, K. Bavada, Kolhapur, Kolhapur District (Maharashtra) a contesting candidate for general election to the Maharashtra Legislative Assembly held in May, 1980 from 285-Karvir Constituency, has failed to lodge an account of his election expenses at all as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas, after considering the representation made by the said candidate, the Election Commission is further satisfied that he has no good reason or justification for the failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Ulape Laxmanrao Sakharam to be disqualified for being chosen as, and for being a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. MT-LA/285/80(162)]

नई दिल्ली, 14 अगस्त, 1981

आ०अ० 1175.—यत, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि मई, 1980 में हुए महाराष्ट्र विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 245-हवेली निर्वाचन-क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री बापू गवाड़े, आई-113, एच० ए० कालोनी पिमपरी, पूने-18, जिला पूने महाराष्ट्र, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं;

और यत: उक्त उम्मीदवार ने, सम्यक सूचना दिए जाने पर भी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है और निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नहीं है;

अत अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री बापू गवाड़े को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है।

[सं० महा०वि०स०/245/80/(163)

New Delhi, the 14th August, 1981

O.N. 1175.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Bapu Gawade, I-113, H. A. Colony, Pimpri, Pune-18, District Pune (Maharashtra) a contesting candidate for general election to the Maharashtra Legislative Assembly held in May, 1980 from 245-Haveli Constituency, has failed to lodge an account of his election expenses in the manner as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas the said candidate, even after due notice, has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for the failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Bapu Gawade to be disqualified for being chosen as, and for being a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. MT-LA/245/80(163)]

नई दिल्ली, 18 अगस्त, 1981

आ०अ० 1176 यत, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि मई 1980 में हुए महाराष्ट्र विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 129-वार्धा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री वेरागाड़े सागर रामा, धमोली (मेघे) डा० कोटम्बा, तालुका और जिला वार्धा (महाराष्ट्र) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तदधीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे है,

और यत: उक्त उम्मीदवार ने, सम्यक सूचना दिए जाने पर भी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है और निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नहीं है,

अत: अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण मे निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री वेरागाड़े सागर रामा को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है।

[सं० महा०वि०स०/129/80(164)]

New Delhi, the 18th August, 1981

O.N. 1176.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Valragade Sagar Rama, Dhamoli (Meghe), Post Kotamba, Tal. and Distt. Wardha (Maharashtra), a contesting candidate for general election to the Maharashtra Legislative Assembly held in May, 1980 from 129-Wardha Constituency, has failed to lodge an account of his election expenses at all as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas the said candidate, even after due notice, has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has good reason or justification for the failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Valragade Sagar Rama to be disqualified for being chosen as, and for being a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. MT-LA/129/80(164)]

नई दिल्ली, 19 अगस्त, 1981

आ०अ० 1177.—यत:, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि मई, 1980 में हुए महाराष्ट्र विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 32-बादर निर्वाचन-क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्रीमती नेलंग सरोज देवीदास गंगा निवास रानाडे रोड, बम्बई-28 (महाराष्ट्र) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 था तदधीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं;

और यत, उक्त उम्मीदवार ने, सम्यक सूचना दिए जाने पर भी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है और निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नहीं है

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्रीमती तेलंग सरोज देवीदास को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है।

[सं० महा-वि०स०/32/80/(165)]

New Delhi, the 19th August, 1981

O.N. 1177.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shrimati Telang Saroj Devidas, Ganga Niwas, Ranade Road, Bombay-28 (Maharashtra), a contesting candidate for general election to the Maharashtra Legislative Assembly held in May, 1980 from 32-Dadar Constituency, has failed to lodge an account of her election expenses at all as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas the said candidate, even after due notice, has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that she has no good reason or justification for the failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shrimati Telang Saroj Devidas to be disqualified for being chosen as, and for being a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. MT-LA/32/80/165)]

नई दिल्ली, 20 अगस्त, 1981

आ०अ० 1178.—यतः, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि मई, 1980 में हुए महाराष्ट्र विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 99-यावल निर्वाचन-क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री देशमुख गंगाधर नाथु 407, नवीपेठ जयकिसन वाड़ी, जलगाव जिला जलगाव (महाराष्ट्र), लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं;

और यतः, उक्त उम्मीदवार ने, सम्यक सूचना दिए जाने पर भी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है और निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नहीं है,

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री देशमुख गंगाधर नाथु को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है।

[सं० महा-वि०स०/99/80(166]

New Delhi, the 20th August, 1981

O.N. 1178.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Deshmuk Gangadhar Nathu, 407, Navipet, Jai Kisanwadi, Jalgaon, District Jalgaon (Maharashtra), a constesting candidate for general election to the Maharashtra Legislative Assembly held in May, 1980 from 99-Yawal Constituency, has failed to lodge an account of his election expenses at all as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whtreas the said candidate, even after due notice, has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for the failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Desmukh Gangadhar Nathu to be disqualified for being chosen as, and for being a member of either House of Parliament or of the Leggislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. MT-LA/99/80(166)]

आ० अ० 1179.—यतः, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि मई, 1980 में हुए महाराष्ट्र विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 99-यावल निर्वाचन-क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री मोनावेन प्रभाकर जंगलू, वादरी, तालुका यावल, जिला जलगांव (महाराष्ट्र), लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे है,

और यतः, उक्त उम्मीदवार ने, सम्यक् सूचना दिए जाने पर भी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है और निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नहीं है,

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री सोनावेन प्रभाकर जगंलू को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है।

[सं० महा-वि०स०/99/80(167)]

आदेश से,

धर्म वीर, अवर सचिव

O.N. 1179.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Sonawane Prabhakar Jangalu, Vadri, Tal. Yawal, Distt. Jalgaon (Maharashtra), a contesting candidate for general election to the Maharashtra Legislative Assembly held in May, 1980 from 99-Yawal Constituency, has failed to lodge an account of his election expenses at all as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas the said candidate, even after due notice, has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for the failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Sonawane Prabhakar Jangalu to be disqualified for being chosen as, and for being a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. MT-LA/99/80(167)]

By order,

DHARAM VIR, Under Secy.

नई दिल्ली, 3 सितम्बर, 1981

आ०अ० 1180— लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 (1951 का 43) की धारा 106 के अनुसरण में, निर्वाचन आयोग 1980 की निर्वाचन अर्जी सं० 7 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय, लखनऊ बैंच के तारीख 10 जुलाई, 1981 का निर्णय एतद्द्वारा प्रकाशित करता है।

निर्वाचन अरजी संख्या 7-1980

नेमचन्द जैन बनाम पशुपति नाथ शुक्ल

माननीय श्री महाबीर सिंह, न्यायमूर्ति

यह निर्वाचन अरजी प्रार्थी ने प्रतिपक्षी नं० 1 श्री पशुपति नाथ शुक्ल के जून 1980 में उत्तर प्रदेश राज्य विधान सभा क्षेत्र से राज्य सभा के लिये चुने जाने के खिलाफ की है।

सम्बन्धित तथ्य इस प्रकार है। इस चुनाव से पहले श्री कमलापति त्रिपाठी राज्य सभा के सदस्य थे। उन्होंने उसने त्यागपत्र दे दिया था और उस रिक्त को पूरा करने के लिय यह उप चुनाव हुआ था। दिनांक 17-6-80 को चुनाव आयोग लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 147 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते

हुए यह अधिसूचना जारी की कि वे उत्तर प्रदेश राज्य विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों से यह अपेक्षा करते हैं कि वे इस रिक्ति को पूरा करने के लिए दिनांक 7-7-1980 के पूर्व एक व्यक्ति निर्वाचित कर दें। उसी सम्बन्ध में उन्होंने इस निर्वाचन का कार्यक्रम भी निम्न प्रकार निश्चित किया :—

क- नाम निर्देशित (Nominatiny) करने की अन्तिम तिथि 24-6-80।

ख- नाम निर्देशन की संवीक्षा (Scrutiny) की तिथि 25-6-80

ग- अभ्यर्थन (Candidature) वापिस लेने की अन्तिम तिथि 27-6-80।

घ- वह तिथि जिसको, यदि आवश्यक हुआ, मतदान होगा 4-7-80

ङ. वह तिथि जिसके पूर्व निर्वाचन समाप्त कर दिया जायगा। 7-7-80।

उसी दिन निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश सरकार के परामर्श से लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 21 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री एस० पी० सिंह, सचिव, उत्तर प्रदेश विधान सभा लखनऊ, प्रतिपक्षी नं० 5 को इस निर्वाचन के लिए रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया। श्री एस० पी० सिंह ने उसी दिन अर्थात् दिनांक 17-6-1980 को नोटिस जारी किया और अभ्यर्थियों से 24-6-80 को तीन बजे दिन के समय तक नामांकन पत्र मांगे।

प्रार्थी व प्रतिपक्षी नं० 1 दोनों ने अपने-अपने नाम निर्देशन पत्र (Nomination paper) दिनांक 24-6-1980 को दाखिल किये। दिनांक 25-6-80 को उनकी जांच के समय प्रार्थी की ओर से प्रतिपक्षी नं० 1 के नाम निर्देशन पत्र के खिलाफ कुछ आपत्तियां उठाई गई जिनमें इस अरजी के लिए एक ही आपत्ति संगत है वह यह है कि जिन सदस्यों ने प्रतिपक्षी नम्बर 1 का नामांकन पत्र का प्रस्ताव किया है वे ऐसा करने के लिए सक्षम नहीं थे क्योंकि तब तक उन चुने हुए सदस्यों ने शपथ नहीं ली थी। रिटर्निंग आफिसर ने प्रार्थी की आपत्ति को अस्वीकार किया। तदनुसार दिनांक 4-7-1980 को चुनाव हुआ और उनमें प्रार्थी को 41 मत मिले तथा प्रतिपक्षी नं० 1 को 325 मत मिले। प्रतिपक्षी नं० 1 को रिटर्निंग आफिसर ने निर्वाचित घोषित किया। दिनांक 12-8-1980 को प्रार्थी ने यह निर्वाचन अरजी दाखिल की।

प्रार्थी का यह कहना था कि विधान सभा के सदस्यों का चुनाव जून 1980 के प्रथम सप्ताह में हुआ, वह सब अवैध था। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि 17-2-1980 को पहली विधान सभा राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 356 के अन्तर्गत अधिसूचना जारी करके भंग कर दी थी और उसके अनुसार उत्तर प्रदेश राज्य के राज्यपाल की सब शक्तियां राष्ट्रपति में निहित हो गई थीं। अतः लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 15(2) के अधीन मिली शक्ति जो राज्यपाल को चुनाव के लिए अधिसूचना जारी करने के लिए मिली हुई हैं, वह भी राष्ट्रपति में निहित हो गई थी। इसलिये आम चुनाव की अधिसूचना जो दिनांक 25-4-1980 को राज्यपाल द्वारा जारी की गई थी वह अवैध थी। राज्यपाल ने इस अधिसूचना जारी करने के लिये राष्ट्रपति से कोई पूर्व स्वीकृति नहीं ली थी। निर्वाचन आयोग ने भी राज्यपाल से ही इस चुनाव के सम्बन्ध में अधिसूचना जारी करने के लिए प्रार्थना की थी जबकि उनको ऐसी प्रार्थना राष्ट्रपति से करनी चाहिए थी। इसलिए उन अधिसूचना के अन्तर्गत हुए चुनाव में चुने गये सदस्यों का चुनाव ही अवैध था और इसलिए उनमें से किसी को भी इस पर राज्य सभा के चुनाव में भाग लेने का कोई अधिकार नहीं था।

दूसरी आपत्ति प्रार्थी की ओर से यह थी कि श्री एस० पी० सिंह को इस चुनाव के लिये रिटर्निंग आफिसर नियुक्त नहीं किया जा सकता था क्योंकि धारा 21 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अन्तर्गत केवल सरकारी आफिसर (Govt. Officer) ही ऐसा अफसर नियुक्त हो सकता था और श्री एस० पी० सिंह विधान सभा के सचिव थे, सरकारी आफिसर नहीं।

तीसरी आपत्ति प्रार्थी की ओर से यह की गई कि जिस समय प्रतिपक्षी नं० 1 के लिए सदस्यों ने नामांकन पत्र दाखिल किये, उस समय तक उन्होंने विधान-सभा का सदस्य होने की शपथ संविधान के अनुसार नहीं ली थी। (यह शपथ दिनांक 27-6-80 को ली गई) इसलिये 24-6-80 को जो नामांकन पत्र विपक्षी नम्बर 1 का दाखिल था हैं, वह अवैध था और इसलिए रिटर्निंग आफिसर ने उनकी आपत्ति को अस्वीकार करके कानूनी गलती की हैं।

अन्तिम आपत्ति इस सम्बन्ध में एक और यह थी कि जो निर्वाचन नामावली (electoral roll) तैयार की गई थी वह भी अवैध थी। उनका यह कहना था कि यह नामावली रिटर्निंग आफिसर द्वारा ही तैयार की जा सकती थी लेकिन उनकी नियुक्ति से पहले ही करीब 11 बजे यह नामावली वितरित कर दी गई थी।

प्रार्थी ने इस निर्वाचन अरजी में प्रतिपक्षी नं० 1 के अतिरिक्त चुनाव आयोग (प्रतिपक्षी नं० 2), उत्तर प्रदेश सरकार (प्रतिपक्षी नं० 3), उत्तर प्रदेश के राज्यपाल (प्रतिपक्षी नं० 4) तथा रिटर्निंग आफिसर श्री एस० पी० सिंह (प्रतिपक्षी नं० 5) को प्रत्यर्थी बनाया थी।

प्रत्यर्थी नं० 1 ने अलग लिखित कथन दाखिल किया। प्रत्यर्थी नं० 2, 3 व 4 मिलकर एक अलग लिखित कथन दाखिल किया। प्रत्यर्थी नं० 5 ने कोई लिखित कथन दाखिल नहीं किया।

दोनों लिखित कथनों में समान बातें कही गई हैं इसलिये उनको अलग-अलग न बताकर उनका समान विवरण संक्षेप में यहां दिया जा रहा हैं। उनकी ओर से यह कहा गया है कि आम चुनाव की जो प्रक्रिया राज्यपाल ने निर्वाचन आयोग के निदेश पर अधिसूचना जारी करने की प्रारम्भ की वह वैध थी। राज्यपाल को राष्ट्रपति ने अपने सब अधिकार प्रत्यायोजित (delegate) कर दिये थे। केवल इतनी ही शर्तें उन्होंने लगायी थी कि राज्यपाल द्वारा उन शक्तियों का प्रयोग राष्ट्रपति के अधीक्षण (Superintendence), निदेशन (direction) और नियन्त्रण (Control) के अधीन किया जायेगा। राष्ट्रपति ने राज्यपाल के आदेश के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की। इसलिए स्पष्ट हैं कि उन्होंने राज्यपाल के कार्य का अनुमोदन किया है। यह भी उनकी ओर से कहा गया कि श्री एस० पी० सिंह वैध तरीके से रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किये गये। वे वास्तव में सरकारी आफिसर ही हैं। प्रार्थी की इस आपत्ति से भी उन्होंने इन्कार किया कि 24-6-80 को विधान सभा के नये निर्वाचित सदस्य चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने में सक्षम नहीं थे। यह कहा गया कि उनका निर्वाचन बहुत पहले ही रिटर्निंग आफिसर द्वारा घोषित किया जा चुका था और निर्वाचन आयोग ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 73 के अन्तर्गत 9-6-80 को इस संबंध अधिसूचना जारी कर दी थी और इसलिए उसी दिन से विधान सभा का गठन समझा जायेगा। शपथ लेना केवल विधान भवन के अन्दर काम करने के लिए है। शपथ लेने से पहले भी वे अन्य कार्य कर सकते थे। यह भी कहा कि निर्वाचन नामावली दिनांक 19-6-80 को वितरित की गई थी, 17-6-80 को नहीं। यह भी कहा कि प्रार्थी विधान सभा के सदस्यों के चुनाव के खिलाफ कोई आपत्ति इस निर्वाचन अरजी में नहीं कर सकता तथा प्रतिपक्षी नं० 1 के खिलाफ भी इस कारण शपथ न लेने वाली आपत्ति नहीं कर सकता क्योंकि उसका नामांकन पत्र भी स्वयं ऐसे सदस्यों ने किया था जिन्होंने शपथ नहीं ली थी। अन्त में यह भी आपत्ति की गई कि प्रति-

पक्षी नम्बर 2 लगायत 5 का पक्षकार बनाया जाना लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 82 के उल्लंघन मे है ।

पक्षकारो के अभिकथनो (pleadings) पर विचार करने के पश्चात निम्न विवाद बिन्दु (issues) बनाये गये —

1. क्या प्रत्यर्थी न० 2 लगायत 5 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 82 के उपबन्धो के उल्लंघन मे पक्षकार बनाये गये हैं ? यदि ऐसा है तो उसका क्या प्रभाव है ?

2. (क) क्या प्रत्यर्थी न० 5 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 21 के प्रयोजन के लिए सरकार अथवा स्थानीय प्राधिकारी का अफसर था ?

(ख) यदि नही तो क्या वह विवादित निर्वाचन के लिए रिटर्निंग आफिसर वैध रूप से नियुक्त किया जा सकता था ।

(ग) यदि नही तो क्या उसके द्वारा कराया गया निर्वाचन शून्य है ?

3. क क्या विधान सभा सदस्यो द्वारा बिना शपथ ग्रहण किये प्रत्यर्थी न० 1 का अभ्यर्थी के रूप मे नामांकन करना अवैध था और यदि ऐसा था तो क्या उसका नामांकन रिटर्निंग आफिसर प्रत्यर्थी न० 5 द्वारा गलत रूप से स्वीकार किया गया ?

ख. क्या प्रतिपक्षी न० 2 लगायत 4 के लिखित कथन के पैरा न० 37 के अभिकथन कि प्रार्थी का भी समान परिस्थितियो में नाम-निर्देशन किया गया था, को देखते हुए प्रार्थी प्रतिपक्षी नं० 1 के नाम-निर्देशन को चुनौती देने से विबन्धित (Estopped) है ?

4. क्या प्रार्थी को प्रत्यर्थी नं० 1 के निर्वाचन पर आपत्ति करने का अधिकार नही है जैसा कि प्रत्यर्थी न० 2 लगायत 4 के लिखित अभिकथन के पैरा 39 में कहा गया है ?

5. क. क्या निर्वाचन नामावली वैध रूप मे तैयार की गई थी ?

ख. यदि नही तो इसका प्रभाव ?

ग. क्या प्रार्थी को इस निर्वाचन अरजी मे निर्वाचन नामावली को चुनौती देने का अधिकार नही है जैसा कि प्रत्यर्थी न० 2 लगायत 4 के लिखित अभिकथन के पैरा 38 मे कहा गया है ?

6. क. क्या जिन व्यक्तियो ने निर्वाचन मे भाग लिया उनको मतदान करने का अधिकार नहीं था ?

ख. क्या मतदाता वैध रूप से निर्वाचित नही थे जैसा निर्वाचन अरजी के पैरा 18 से 27 मे कहा गया है और क्या इसलिए उनको मत देने या नामांकन करने का हक नही था ?

ग. क्या प्रार्थी को इस निर्वाचन अरजी मे विधान सभा सदस्यों के चुनाव को चुनौती देने का अधिकार नही हैं जैसा प्रत्यर्थी न० 2 लगायत 4 के लिखित अभिकथन के पैरा 28 मे कहा गया हैं ?

7. प्रार्थी किस अनुतोष को पाने का हकदार है ?

इनमें विवाद बिन्दु नम्बर 1 को प्रारम्भिक विवाद बिन्दु बनाया गया। दिनांक 25-2-1981 को अपने आदेश द्वारा मैने प्रतिपक्षी की ओर से उठाई गई आपत्ति को अशत स्वीकार किया । यह तय किया कि प्रतिपक्षी नम्बर 4 अर्थात् उत्तर प्रदेश राज्य के राज्यपाल को गलत तौर पर पक्षकार बनाया गया है लेकिन शेष व्यक्तियो का पक्षकार बनाया जाना लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के उपबन्धो के विरुद्ध नही है । अत प्रतिपक्षी न० 4 का नाम प्रतिपक्षियो की सूची मे काट दिया गया ।

इन विवाद-बिन्दुओ पर मै दूसरे क्रम से विचार करूंगा ताकि उन विवाद-बिन्दुओ पर पहले विचार कर लिया जाये जो चुनाव प्रक्रिया के सबसे पहिले चरण से सम्बन्धित है और उसके बाद जैसे जैसे चुनाव प्रक्रिया होती रही हैं उस सम्बन्ध मे जो विवाद उठाये गये है उन पर विचार किया जायेगा ।

प्रथम विवाद चुनाव प्रक्रिया के प्रारम्भ से ही है ।

विवाद बिन्दु नम्बर 6 (क) व (ख) —

प्रदर्श 3 जिसकी वैधता के सबध मे आपत्ति की गई है वह निम्न प्रकार है —

उत्तर प्रदेश सरकार
निर्वाचन विभाग

सख्या ई० 7214117-ग-137-80
लखनऊ 25 अप्रैल 1980

अधिसूचना

राष्ट्रपति द्वारा सविधान के अनुच्छेद 356 के अधीन, उत्तर प्रदेश विधान-सभा का तारीख 17 फरवरी 1980 को विघटन कर दिया गया है ।

और उस राज्य मे एक नई विधान सभा के गठन के प्रयोजन के लिये साधारण निर्वाचन कराना आवश्यक है ।

अत अब, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 (1951 का 43) की धारा 15 की उपधारा (2) के अनुसरण मे, उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, जैसी कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सिफारिश की गई हैं, इस राज्य के सभी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों से यह अपेक्षा करते है, कि वे उक्त अधिनियम और तदधीन बनाये गये नियमो तथा किये गये आदेशो के उपबन्धो के अनुसार सदस्य निर्वाचित करे ।

राज्यपाल के आदेश से,
रमेश चन्द्र देव शर्मा,
सचिव ।

प्रश्न यह है कि क्या राज्यपाल का इस प्रकार अधिसूचना जारी करने की शक्ति थी ? इस सम्बन्ध मे उस अधिसूचना को देखना होगा जिसके द्वारा राष्ट्रपति को राज्यपाल के अधिकार मिले या राष्ट्रपति ने राज्यपाल को अपने अधिकार प्रत्यायोजित (Delegate) किये ।

प्रदर्श 1 वह अधिसूचना है जो भारत सरकार ने दिनाक 17-2-80 को उत्तर प्रदेश राज्य विधान सभा भग करते समय जारी की थी । इसका सगत अश भी यहाँ उद्धृत किया जा रहा है ।

क. चूंकि मै नीलम सजीव रेड्डी भारत का राष्ट्रपति सन्तुष्ट हू कि ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है कि जिसमे उत्तर प्रदेश की सरकार सविधान के उपबन्धो के अनुकूल नही चलाई जा सकती इसलिए सविधान के अनुच्छेद 356 और उस सम्बन्ध मे अन्य प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते हुए मैं निम्न उद्घोषणा जारी करता हू ।

क. उत्तर प्रदेश सरकार के सब कृत्य (Functions) तथा राज्य के राज्यपाल मे निहित या उनके द्वारा प्रयोग मे लाई जाने वाली सब शक्तियो को अपने हाथ मे (assume) लेता हू ।

ख. ————————————

ग. निम्नलिखित प्रासगिक (incidental) और आनुषंगिक (consequential) उपबन्ध बनाता हू जो इस उद्घोषणा के उद्देश्यो को प्रभावी करने के लिए आवश्यक या वाछनीय प्रतीत होते है —

(1) इस उद्घोषणा के खण्ड (क) मे जो शक्ति या कृत्य मैने ले लिये है, उनका उपयोग करने के लिए मेरे लिए यह वैध

होगा कि मैं राज्य के राज्यपाल के द्वारा, उस सीमा तक, जो मैं उचित समझूं, कार्य कर सकूं।

(ii) इस राज्य के संबंध में संविधान के निम्न उपबन्धों का कार्यान्वयन निलम्बित किया जाता है ————————
अनुच्छेद 163 तथा 164 व अनुच्छेद 166 के खण्ड (3) का उतना भाग जितना राज्य सरकार के कार्य का मन्त्रियों के बटवारें से सम्बन्धित है।———————— ;

(iii) उस राज्य की विधान सभा को भंग किया जाता है।

(iv) संविधान मे राज्यपाल के लिए जो निर्देश है उनका निर्देश अब राष्ट्रपति से समझा जाएगा ।

परन्तुक यह है कि इसकी कोई बात राष्ट्रपति को इस खण्ड के उपखण्ड (1) के अनुसार कार्य करने से नहीं रोक सकेगी।

(1) ————————

इस अधिसूचना के पश्चात् उसी दिन एक दूसरी अधिसूचना राष्ट्रपति ने राज्यपाल को अपनी शक्तियां प्रत्यायोजित (Delegate) करने के संबंध में जारी की । यह इस प्रकार है :—

"संविधान के अनुच्छेद 356 के अधीन दिनांक 17-2-80 को जारी की गई उद्घोषणा के खंड (ग) के उपखण्ड (1) के अनुसार मै आदेश देता हूं कि संविधान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के सब कृत्य व राज्य के राज्यपाल में निहित या उसके द्वारा प्रयुक्त की जाने वाली शक्तियां जो इस उद्घोषणा के खण्ड (क) के द्वारा राष्ट्रपति ने अपने हाथ मे ले ली हैं, वे राष्ट्रपति के अधीक्षण, निदेशन और नियन्त्रण के अधीन रहते हुए इस राज्य के राज्यपाल के द्वारा भी प्रयुक्त की जा सकेंगी ।"

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 15(2) के अन्तर्गत राज्य के राज्यपाल को चुनाव के संबंध में उद्घोषणा करने की शक्ति प्रदत्त की गई है। दिनांक 17-2-80 को जारी की गई उद्घोषणा से राष्ट्रपति ने राज्यपाल में निहित सब शक्तियां अपने हाथ मे ले ली थी । इस तरह इस धारा 15(2) की शक्ति भी राष्ट्रपति में निहित हो गई थी । राष्ट्रपति ने ऐसी सब शक्तियों को दूसरी अधिसूचना द्वारा राज्य के राज्यपाल को भी प्रयुक्त करने के लिए अधिकृत कर दिया था। केवल यह शर्त लगाई थी कि राज्यपाल ऐसी शक्तियां राष्ट्रपति के अधीक्षण, निदेशन और नियन्त्रण के अधीन प्रयुक्त करेंगे ।

प्रार्थी के विद्वान् वकील का यह कहना है कि शब्द "अधीन" का यह तात्पर्य है कि राज्यपाल किसी भी ऐसी शक्ति का प्रयोग करने से पहले राष्ट्रपति की पूर्व स्वीकृति लेंगे । इस मामले मे इस संबंध मे कोई साक्ष्य नहीं है, न कोई अभिकथन है कि राज्यपाल ने यह अधिसूचना जारी करने से पहले राष्ट्रपति से कोई पूर्व स्वीकृति ली थी। इसलिए प्रार्थी के विद्वान् वकील का यह कहना है कि यह अधिसूचना अवैध है ।

मै प्रार्थी के विद्वान वकील के इस तर्क से सहमत नहीं हूं । शब्द "अधीन" का यह तात्पर्य नहीं है कि राज्यपाल को उन सब शक्तियों का प्रयोग करने से पहले राष्ट्रपति की पूर्व स्वीकृति लेनी होगी । इसका केवल इतना ही तात्पर्य है कि ऐसी शक्तियों के प्रयोग करते समय राज्यपाल को राष्ट्रपति, जो उचित समझें, आदेश दे सकते हैं और उनके अनुसार कार्य करना राज्यपाल के लिए आवश्यक होगा ।

प्रार्थी के विद्वान् वकील ने अपनी लिखित बहस के पृष्ठ 8 पर बहुत सी नजीरों का उल्लेख किया है । लेकिन उनमें से कोई भी इस वाक्यांश "अधीक्षण, निदेशन और नियन्त्रण के अधीन" का निर्वाचन नहीं करती हैं। इसके बरखिलाफ प्रतिपक्षीगण की ओर से विद्वान एडवोकेट जनरल ने एसोसिएटेड ट्रांसपोर्टस ब० भारत संघ (ए० आई० आर० 1978 मद्रास 173) का हवाला दिया । इसमें यह मत प्रकट किया गया है कि ऐसी अधिसूचना के पश्चात् यह कहना बिल्कुल अनुचित होगा कि राज्यपाल राष्ट्रपति का डेलीगेट या एजेन्ट है और परिणाम यह है कि राज्यपाल ऐसे कार्य करता है मानों राष्ट्रपति ही करता है ।

प्रार्थी के विद्वान वकील का यह भी कहना है कि राष्ट्रपति को इस प्रकार अपनी शक्तियो को, जो उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 356 के द्वारा अपने हाथ में ली हैं, किसी दूसरे अधिकारी को प्रतिनिहित (delegate) करने की शक्ति नहीं है । यह तर्क भी उनका सही नहीं है । अनुच्छेद 356(3)(1)(ग) मे राष्ट्रपति को यह अधिकार दिया गया है कि वह अपनी उद्घोषणा के उद्देश्यों का कार्यान्वयन कराने के लिए प्रासंगिक (Incidential) या आनुषांगिक (Consequential) प्राविधान कर सकते है । यह एक प्रासंगिक विषय है कि राष्ट्रपति स्वयं ही उन सब शक्तियों का प्रयोग करेंगे या किसी दूसरे के द्वारा भी करा सकते हैं । राष्ट्रपति के स्वयं के लिए यह सम्भव नहीं होता है कि वह पूरे राष्ट्र के संघीय मामलों के अतिरिक्त राज्य सरकारो के कार्यों या राज्यपाल में निहित शक्तियो का भी स्वयं ही प्रयोग करे । इसलिए यदि वे अपनी शक्तियों को जिस सीमा तक उचित समझें, किसी दूसरे अधिकारी को देते हैं तो यह उद्घोषणा के उपबन्धों के अन्तर्गत ही हैं । केवल जैसा इन रि अनुच्छेद 143 भारतीय संविधान व देहली विधि अधिनियम 1912 (ए०आई०आर० 1951 सु० को० 332 में दिया है उन्हें अपनी शक्तियों से बिल्कुल ही परित्याग (abdicate) नहीं करना चाहिए । राष्ट्रपति ने ऐसा नहीं किया है उन्होंने यह शर्त लगा दी है कि राज्यपाल अपनी शक्तियों का प्रयोग करते समय राष्ट्रपति के अधीक्षण, निदेशन और नियन्त्रण के अधीन कार्य करेंगे । इस प्रकार राष्ट्रपति राज्यपाल के कार्य को देख सकते है कि वे ठीक प्रकार से कार्य कर रहे हैं या नहीं और उनके कार्यों के संबंध में निदेश भी दे सकते है और उन पर नियन्त्रण भी कर सकते है । इसलिए इस उद्घोषणा द्वारा राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 356 में दी गई शक्तियों के उल्लंघन मे काम नहीं किया है । अतः जो आदेश राष्ट्रपति ने अपनी शक्तियां राज्यपाल को प्रतिनिधित्व करने का दिया है वह वैध है और इसलिए राज्यपाल द्वारा दिनांक 25-4-1980 की अधिसूचना इस कारण अवैध नहीं मानी जा सकती ।

इसी तरह प्रार्थी के विद्वान् वकील का यह तर्क भी मानने योग्य नहीं है कि इस अधिसूचना में राज्यपाल द्वारा यह लिखा जाना चाहिए था कि उन्होंने राष्ट्रपति के आदेश से ऐसी अधिसूचना जारी की है । जब राज्यपाल स्वयं ही ऐसी अधिसूचना जारी कर सकते हैं, तब उनके लिए यह लिखना आवश्यक नहीं है कि उन्होंने राष्ट्रपति के आदेश से ऐसा कार्य किया है ।

प्रार्थी के विद्वान वकील का यह तर्क है कि निर्वाचन आयोग केवल राष्ट्रपति से अधिसूचना जारी करने के लिए अनुरोध कर सकता था, राज्यपाल से नहीं क्योंकि राष्ट्रपति में ही पूर्ण शक्तियां इस संबंध में निहित थी । लेकिन यह तर्क भी सही नहीं हैं । जैसा ऊपर बताया जा चुका है, राष्ट्रपति ने अपनी सब शक्तियां जो उन्होंने उद्घोषणा द्वारा अपने हाथ ली थी, राज्यपाल को कुछ शर्तों के अधीन दे दी थी । इसलिए निर्वाचन आयोग राज्यपाल से भी अनुरोध कर सकता था ।

इस संबंध में यह भी कहा है कि राज्यपाल के कोई हस्ताक्षर इस अधिसूचना पर नहीं हैं और श्री आर० सी० वेद शर्मा, जो विधि सचिव थे, उन्होंने राज्यपाल के आदेश से लिखकर यह अधिसूचना जारी की थी। उनका इस संबंध में यह कहना है कि अनुच्छेद 166(3) जिसके अन्तर्गत राज्यपाल अपने राज्य की सरकार का कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए बटवारा करने के नियम बना सकता है, दिनांक 17-2-80 की अधिसूचना द्वारा निलम्बित कर दिया गया था इसलिए विधि सचिव को उसकी ओर से अधिसूचना जारी करने की शक्ति नहीं थी । यह तर्क भी सही नहीं हैं । 17-2-80 को उद्घोषणा प्रदर्शनी के द्वारा अनुच्छेद 166 खण्ड (3) को पूरा निलम्बित नहीं किया गया था । केवल उतना भाग निलम्बित किया गया था जिसके द्वारा मंत्रियों मे काम के बटवारे के संबंध में प्राविधान था क्योंकि मन्त्रि परिषद भंग हो गई थी । इसलिए

इस खंड का शेष भाग निलम्बित न होने से राज्यपाल सरकारी कार्य के बटवारे के सम्बन्ध में अपने सचिव के जरिये कार्य करा सकते थे । अत राज्यपाल द्वारा चुनाव के संबंध में की गई अधिसूचना पूर्ण रूप से वैध है और इसलिए उसके अन्तर्गत हुआ चुनाव अवैध नही माना जा सकता । इसीलिए इस निर्वाचन द्वारा जो सदस्य निर्वाचित हुए, वे वैध प्रकार से चुने गए थे । अतः विवाद बिन्दु के दोनों भाग प्रार्थी के विरुद्ध तय किये जाते हैं :—

विवाद बिन्दु 6 (ग)

विवाद-बिन्दु 6(क) व (ख) के संबंध में जो मत मैंने दिया है, उसको देखते हुए इस खण्ड को तय करने की आवश्यकता नहीं है । इतना ही कहना पर्याप्त है कि प्रतिपक्षीगण की ओर से इस संबंध मे की गई आपत्ति सही नही हैं । प्रार्थी विधान सभा के लिए निर्वाचित सदस्यो का चुनाव अवैध घोषित कराने की प्रार्थना नही कर रहा है । इसमे सन्देह नही कि किसी सदस्य के चुनाव को निर्वाचन अर्जी द्वारा ही चुनौती दी जा सकती है । लेकिन यहां प्रार्थी ने किसी विशेष सदस्य के चुनाव का नही, बल्कि पूरे चुनाव की वैधता को चुनौती दी है । क्योंकि उसका प्रभाव विवादित चुनाव पर पड़ता है, इसलिए प्रार्थी अपनी निर्वाचन अर्जी में ही उन सब बातों को उठा सकता है जो उस चुनाव को अवैध कराने के लिए उसके मत के अनुसार आवश्यक हों ।

विवाद बिन्दु 2 (क)

यह दोनों पक्षो को मान्य है कि श्री एस० पी० सिंह प्रतिपक्षी न० 5 स्थानीय प्राधिकारी के अफसर नही हैं । इस बात पर विवाद है कि वे सरकारी अफसर (Govt. Officer) है या नही ।

प्रार्थी के विद्वान वकील का यह कथन है कि राज्य के तीन भाग होते हैं : कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका । सरकार से तात्पर्य कार्यपालिका से ही होता है, न्यायपालिका या विधायिका सरकार के अंग नही कहलाते है, वे राज्य के अंग है इसलिए इन अगो में काम करने वाले अधिकारी सरकारी अफसर नही कहे जा सकते राज्य के अफसर हैं । इस संबंध में उन्होंने यह भी बताया कि जो व्यक्ति सरकार का अफसर होगा वह स्पष्टतः सरकार के अधीन होगा क्योंकि कोई भी सरकार का अफसर सरकार के ऊपर नहीं माना जा सकता । इस संबंध में उन्होंने प्रदुम्न कुमार बोस बनाम माननीय मुख्य न्यायाधीश कलकत्ता हाईकोर्ट (1955/2/सु० को० रि० 1331/ बलदेव राज गुलाटी बनाम पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय /1976/4/सु० को० के० 201/, भारत संघ बनाम एस० एच० शेथ / 1977/4/ सु० को० के० 193. हरगोविन्द पन्त बनाम डा० रघुकुल तिलक /1979/3/सु० को० के० 458) का हवाला देते हुए बताया कि न्यायपालिका के कर्मचारी व न्यायाधीश सरकार के कर्मचारी नही माने गये हैं । प्रद्युम्न कुमार बोस बनाम माननीय मुख्य न्यायाधीश कलकत्ता हाई कोर्ट (उपरोक्त) वाले मामले में उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार का प्रश्न था । बलदेव राज गुलाटी बनाम पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय (उपरोक्त) वाले मामले में एक न्यायिक अधिकारी का प्रश्न था । भारत संघ बनाम एच० एस० शेथ (उपरोक्त) मे उच्चतम न्यायालय व उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश की संवैधानिक स्थिति पर विचार करते हुए यह कहा कि ये सरकारी कर्मचारी नहीं है । उनमे और सरकार मे कोई रिश्ता मालिका या नौकर का नही है । उसमें उन्होंने पृष्ठ 236 पैरा 49 मे निम्नलिखित बात कही जिससे स्पष्ट होता है कि ये तीनो अंग राज्य के है, न कि सरकार के .—

"वह वास्तव में राज्य का उतना ही भाग है जितना कि कार्यपालिका । वास्तव में राज्य के तीन अंग होते है, एक कार्यपालिका शक्ति का प्रयोग करता है, दूसरा विधायिका शक्ति का प्रयोग करता है, और तीसरा न्यायपालिका शक्ति का प्रयोग करता है । परन्तु ये तीनो अंग अपने अपने क्षेत्र मे स्वतन्त्र और सर्वोच्च हैं और यह कहना संभव नहीं है कि कौन दूसरे से बड़ा है । उच्च न्यायालय जो मुख्य न्यायाधीश व अन्य न्यायाधीशों द्वारा गठित है राज्य की न्यायपालिका शक्ति का प्रयोग करता है, अपनी स्थिति और परिस्थिति में राज्यपाल व उसकी सहायता के लिए बने मन्त्रि मण्डल के जो कार्यपालिका शक्ति का प्रयोग करता है तथा विधान सभा विधान परिषद के जो राज्य विधायिका शक्ति का प्रयोग करती है, के समान है —

हरगोविन्द पन्त बनाम डा० रघुकुल तिलक (उपरोक्त) में उन्होंने उपरोक्त नजीरों का अनुमोदन करते हुए फिर दोहराया कि उच्च न्यायालयों या उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश भारत सरकार के अधीन नही है यद्यपि वे राज्य की शक्ति का प्रयोग करते हैं । इसी दृष्टिकोण से विधायिका शक्ति का प्रयोग करने वाली सभाओं के अधिकारी भी सरकार के अधीन नही कहे जा सके और इस तरह से सरकारी अफसर नहीं होंगे ।

विद्वान एडवोकेट जनरल जो प्रतिपक्षीगण की ओर से उपस्थित हुए हैं, ने इस बात पर बल दिया है कि वास्तव मे ये तीनों प्रकार की शक्तियां सरकारी कृत्यों का (Governmental function) ही प्रयोग करती है । उन्होंने प्रार्थी के इस कथन को सही नही माना कि सरकार (Government) से मतलब केवल कार्यपालिका से ही होगा । इस संबंध में उन्होंने इन रि सुन्दर लाल (ए० आई० आर० 1019 इला -911, स्पेशल बैंच), शंकरी प्रसाद बनाम भारत संघ (ए० आई० आर० 1951 सु० को० 456) में दिये गये कुछ उद्धरणों पर भरोसा किया । इन रि सुन्दरलाल (उपरोक्त) में धारा 4 प्रेस ऐक्ट में प्रयुक्त वाक्यांश सरकार जैसा ब्रिटिश इण्डिया मे कानून द्वारा स्थापित है का स्पष्टीकरण किया था । उन्होंने बताया कि ब्रिटिश इण्डिया में स्थापित सरकार से तात्पर्य किसी स्थापित (Established) प्राधिकारी से है जो देश और उसके सार्वजनिक कार्यों पर शासन करता है और उसमें वे सब प्रतिनिधि भी शामिल हैं जिसको सरकार का कार्य सौंपा गया है । इस तरह विद्वान एडवोकेट जनरल का यह कथन है कि चूंकि विधान मण्डल भी एक स्थापित प्राधिकारी है, इसलिए यह सरकार के अन्तर्गत होता है । शंकरी प्रसाद बनाम भारत संघ (उपरोक्त) वाले मामले के पैरा 13 में निम्नलिखित उद्धरण पर उन्होंने जोर दिया है :—

डायसी की संवैधानिक विधि की परिभाषा में वे सब नियम जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से राज्य की प्रभुसत्ता के प्रयोग या उसके बटवारे पर प्रभाव डालते है, शामिल हैं । इस तरह वे राज्य के तीन बड़े अंग अर्थात कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के गठन उनमें शासकीय शक्ति का बटवारा और उनमें आपसी संबंधों के बटवारे से मुख्यतया संबंधित है ।

इस उद्धरण से उनका यह कहना है कि कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका में आपस मे शासकीय शक्ति (Government Power) का ही बटवारा है इसलिए ये प्रत्येक अंग सरकार (Govt.) का भाग होने के कारण इसमें काम करने वाले कर्मचारी सरकारी प्रकार हो कहलायेंगे ।

इन उद्धरणों से विवादित विषय का निराकरण नहीं होता । रि सुन्दरलाल (उपरोक्त) मे प्रश्न दूसरा था । शंकरी प्रसाद बनाम भारत संघ (उपरोक्त) वाले मामले मे राज्य (State) के कृत्य को शासकीय (Govermental) कृत्य कहा है । राज्य व सरकार के विभेद का वहां भी प्रश्न नही था ।

यह बात निर्विवाद है कि राज्य व सरकार दो भिन्न विचार (कान-सेप्ट्स) (Concepts) है । राजस्थान राज्य बनाम भारत संघ [(1977) सु० को० के० 592] में इस विषय पर बड़े विस्तार से विचार किया गया है । यह बात दूसरी है कि अनुच्छेद 131 के प्रयोजन के लिए शब्द राज्य व भारत सरकार के बीच विवाद में राज्य शब्द में तत्कालीन सरकार आती है या नही, इस पर मतभेद था ।

इसके अतिरिक्त सरकारी कृत्य (Governmental Function) व सरकार (Govt.) को एक से अर्थो में नहीं लिया जा सकता । सरकार का

प्रयोग सीमित अर्थ में किया जाने लगा है जबकि सरकारी कृत्य में व्यापक अर्थ निकलता है । बहरहाल अधिक से अधिक यह कहा जा सकता है कि शब्द सरकार दो अर्थों में प्रयुक्त किया जा सकता है । जिनमें से एक सीमित अर्थ अर्थात् केवल कार्यपालिका में संबंधित , जैसा प्रार्थी की ओर से कहा गया है, और एक व्यापक अर्थ जिसमें राज्य के तीनों अंग शामिल है, जैसा प्रतिपक्षीगण की ओर से विद्वान एडवोकेट जनरल ने कहा है । इसलिये हमें यह देखना होगा कि हमारे विधि शास्त्र में यह किस अर्थ में प्रयोग हुआ है भारत का संविधान ही हमारे विधि जगत का मूलाधार है । इसलिए संविधान के उपबन्धों का इस सम्बन्ध में अवलोकन करना होगा अर्थात हमें यह देखना है कि हमारे संविधान में सरकार शब्द से क्या तात्पर्य लिया गया है । संविधान के अनुच्छेद 12 में राज्य की परिभाषा की गई है । इसमें राज्य के अन्तर्गत भारत की सरकार और संसद तथा राज्यों में से प्रत्येक की सरकार और विधान मण्डल, तथा भारत राज्य-क्षेत्र के भीतर अथवा भारत सरकार के नियन्त्रण के अधीन सब स्थानीय और अन्य प्राधिकारी भी है । यहां सरकार केवल कार्यपालिका के लिए प्रयोग किया गया है । संसद या अन्य प्राधिकारियों के लिए नहीं प्रयोग किया गया है अन्यथा उनको अलग से क्यों लिखा जाता । रामनन्दन बनाम राज्य [ए० आई० आर० 1959 इला० 101 (फुल बैन्च)] में इस संबंध में बताया गया है कि शब्द सरकार को संविधान में परिभाषा नहीं लिखी है और साधारण खंड अधिनियम की धारा 3 (23) में केवल इतना लिखा है कि "सरकार" शब्द के अन्तर्गत दोनों केन्द्रीय और प्रदेशीय सरकारें शामिल है । इस तरह यहां भी सरकार की परिभाषा में कहीं भी विधान मण्डल या न्यायपालिका को शामिल नहीं किया है और सरकार से तात्पर्य केवल कार्यपालिका से ही लिया है । संविधान के जहां न्यायपालिका या विधायिका का वर्णन है वहां कहीं भी उनका सरकार के नाम से नहीं बताया गया ।

संविधान के अनुच्छेद 89 से 98 तक संसद के अधिकारी और अनुच्छेद 178 से 187 तक विधान मंडल के अधिकारियों का वर्णन है । अनुच्छेद 98 (अठानवे) में संसद के सचिवालय तथा अनुच्छेद 187 में विधान मण्डल के सचिवालय का प्राविधान है और यह बताया गया है कि उनका प्रत्येक का अपना सांचविक कर्मचारी वृन्द (सैक्रेट्रियल स्टाफ) होगा ।

संविधान के अनुच्छेद 310 व 311 से भी यह भेद स्पष्ट है । यहां दो प्रकार की सेवाओं का वर्णन है । एक वे जो संघ या राज्य के अधीन हैं व दूसरों को केवल संघ या राज्य की सेवा कहा है । इसलिए जो कर्मचारी राज्य के अधीन अर्थात राज्य सरकार के नहीं है, परन्तु राज्य के अन्य अंगों जैसे न्यायपालिका या विधायिका के कर्मचारी हैं, वे इस दूसरे वर्ग के अन्तर्गत आते है ।

उत्तर प्रदेश में विधान मंडल के सचिवालय के कर्मचारियों के संबंध में सन् 1974 में नियम बनाये गये हैं । उसके नियम 48 में यह प्राविधान है कि सरकारी कर्मचारियों के आचरण संबंधी जो नियम हैं वे विधान मंडल के सचिवालय के कर्मचारियों पर भी लागू होंगे । यह भी स्पष्ट करता है कि सचिवालय के कर्मचारी सरकारी कर्मचारी नहीं हैं अन्यथा सरकारी कर्मचारियों वाले नियम उनके लिए भी लागू करने की क्या आवश्यकता थी ।

इसके अतिरिक्त जिस प्रसंग में यह शब्द धारा 21 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में प्रयोग हुआ है, वह भी देखना आवश्यक है । इस अधिनियम की धारा 21 इस प्रकार है :—

> निर्वाचन आयोग — राज्य की सरकार के परामर्श से, रिटर्निंग अफसर पदाभिहीत (डिस्क्यूट) या नाम निर्दिष्ट (नामनेट) करेगे जो सरकार का या स्थानीय प्राधिकारी का अफसर ही होगा ।

इससे स्पष्ट है कि बाद में जो शब्द सरकार प्रयुक्त हुआ है वह राज्य की सरकार का ही संक्षिप्त रूप है । "राज्य की सरकार" से मतलब कार्यपालिका सरकार से ही है क्योंकि उसी के परामर्श से निर्वाचन आयोग अधिकारी की नियुक्ति करता है विधायिका या न्यायपालिका के उच्च अधिकारियों से नहीं । यदि "सरकार" से कोई दूसरा अर्थ अभिप्रेत था तो यहां यह स्पष्ट कर देना चाहिए था । एक ही धारा में जब दो बार एक शब्द प्रयुक्त होता है तो वह एक ही अर्थ में होगा इसलिए जिस प्रकार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 21 में शब्द "सरकार" प्रयुक्त हुआ है उससे भी यह स्पष्ट है कि सरकारी अफसर का मतलब राज्य की सरकार के अफसर से है अर्थात कार्यपालिका सरकार के अधिकारी से है, अन्यों से नहीं ।

राज्य सरकार ने जिस प्रकार विभिन्न अधिकारियों को रिटर्निंग अफसर बनाने की अधिसूचना जारी की, उससे भी यही स्पष्ट होता है कि विधान सभा के अधिकारी सरकारी अफसर नहीं है । प्रदर्श -2 वह अधिसूचना है जो राज्य सरकार ने दिनांक 5-4-1980 को विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के लिए रिटर्निंग अफसर नियुक्त करने के लिए जारी की है । उसमें उनकी भाषा इस प्रकार है :—

> "·····निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश सरकार के परामर्श से नीचे की सारिणी के स्तम्भ 2 में विनिर्दिष्ट सरकारी अफसरों को ऐसे सरकारी अफसर के सामने उ० प्र० राज्य के विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों, जैसा कि उक्त सारिणी के स्तम्भ 1 में विनिर्दिष्ट किये गये है, के लिए रिटर्निंग आफिसर के रूप में एतद्द्वारा पदाभिहीत करता है ।"

इसके बाद इस सारिणी में पदाधिकारियों व अन्य अधिकारियों के नाम है । लेकिन श्री एस० पी० सिंह को रिटर्निंग आफिसर निम्न प्रकार की अधिसूचना से नियुक्त किया है —

> "लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 21 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश सरकार के परामर्श से, ·····राज्यसभा के लिए होने वाले निर्वाचन के लिए सचिव उत्तर प्रदेश विधान-सभा, लखनऊ को रिटर्निंग आफिसर के रूप में पदाभिहीत करता है ।"

यहां उन्होंने सचिव, उत्तर प्रदेश विधान-सभा को बतौर सरकारी अफसर नहीं बनाया है जैसा अन्य अधिकारियों के लिए पहले बताई हुई अधिसूचना में बताया है। इससे भी स्पष्ट होता है कि राज्य सरकार स्वयं सचिव राज्य विधान सभा को धारा 21 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रयोजन के लिए सरकारी आफिसर नहीं मानती थी ।

अतः इस विवाद-बिन्दु पर मेरा यह निष्कर्ष है कि प्रतिपक्षी सं० 5 श्री एस० पी० सिंह लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 21 के संदर्भ में सरकारी अधिकारी नहीं है। (वे विधान सभा के अधिकारी थे और इस तरह राज्य के अधिकारी थे) ।

विवाद-बिन्दु 2 (ख) :—

उपरोक्त निष्कर्ष का यह परिणाम निकलता है कि श्री एस० पी० सिंह को विवादित निर्वाचन के लिए रिटर्निंग आफिसर नियुक्त नहीं किया जा सकता था ।

प्रार्थी के विद्वान् वकील ने इस संबंध में एक और बात कही थी । उनका यह कहना था कि निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश सरकार के परामर्श से ही किसी सरकारी आफिसर को रिटर्निंग आफिसर नियुक्त कर सकता था लेकिन उस समय कोई उत्तर प्रदेश सरकार थी ही नहीं, जब की एस० पी० सिंह को रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया । उनका यह कहना है कि उत्तर प्रदेश विधान-सभा भंग हो गई थी और इसलिए उत्तर प्रदेश सरकार भी नहीं रही और उत्तर प्रदेश के शासन का सारा कार्यभार राष्ट्रपति या संसद के हाथ में आ गया था । मैं प्रार्थी के विद्वान् वकील के इस तर्क से सहमत नहीं हूं । उत्तर प्रदेश सरकार के लिए यह आवश्यक नहीं है कि वह केवल मन्त्रिमंडल के द्वारा ही, जैसा प्रार्थी के विद्वान् वकील कहते है, शासित हो । प्रदेशीय मन्त्रिमंडल तब तक कार्य

करता है जब तक कि विधान सभा या मन्त्रिमंडल भंग न हो। आपात घोषणा के पश्चात् उत्तर प्रदेश सरकार का कार्य राष्ट्रपति व संसद को सुपुर्द हो जाता है। लेकिन तब भी वे उत्तर प्रदेश सरकार का ही कार्य करेंगे। इसलिए इस घोषणा से केवल उस तरीके में परिवर्तन होता है जिसके द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार का शासन होता है और कोई बात नहीं है। इसलिए इस अधिसूचना में कोई गलती नहीं है।

परन्तु जैसा ऊपर कहा गया है चूंकि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 21 के प्रयोजन के लिए श्री एस० पी० सिंह सरकारी आफिसर नहीं हैं, इसलिए उनको रिटर्निंग आफिसर नियुक्त नहीं किया जा सकता था।

विवाद-बिन्दु 3 (क) :—

